**बिहार सरकार**
**आपदा प्रबंधन विभाग**

संख्या–03 / बजट–01–23 / 2026 / .................... / आ0प्र0

सेवा में,

**महालेखाकार(ले0 एवं ह0), बिहार,**
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

पटना–23, दिनांक–

**विषयः–वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय शीर्ष–2245–07–101–0001–आपदा न्यूनीकरण हेतु व्यय में कुल रु० 220.815 लाख (दो करोड़ बीस लाख इक्यासी हजार पाँच सौ रुपये) आवंटन की स्वीकृति।**

**आदेशः–स्वीकृत ।**

2. इस राशि का व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मुख्य शीर्ष–2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत, उपमुख्य शीर्ष–07–आपदा प्रबंधन, लघु शीर्ष–101–आपदा शमन, उपशीर्ष–0001–आपदा न्यूनीकरण हेतु व्यय, माँग संख्या–39, विपत्र कोड–39–2245071010001 के विषय शीर्ष–27–01–लघु कार्य के अन्तर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

3. आवंटित / पूर्व आवंटित राशि का विवरणी निम्न प्रकार है :–

(राशि रुपये लाख में)

| क्र० | विभाग | पूर्व आवंटन (वित्तीय वर्ष 2026–27) | वर्तमान आवंटन (वित्तीय वर्ष 2026–27) | आवंटन का योग (वित्तीय वर्ष 2026–27) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना | 10000.00 (एक सौ करोड़ रूपये) | 220.815 (दो करोड़ बीस लाख इक्यासी हजार पाँच सौ रुपये) | 10220.815 (एक सौ दो करोड़ बीस लाख इक्यासी हजार पाँच सौ रुपये) |

4 उक्त आवंटित राशि से अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2053 दिनांक–15.05.2026 के माध्यम से की गई अधियाचना के आलोक में आपदा मद में प्राप्त निधि से पूर्व में कराए गये कार्यों के लंबित भुगतान के निमित्त Mitigation हेतु व्यय किया जाएगा।

5 **आवंटित की गई राशि की निकासी Fully Vouched Bill के माध्यम से की जाएगी।**

6 यह आवंटन आदेश वित्त विभाग के ज्ञापांक–2561वि0 (2) दिनांक–17.4.1998 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

7 प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर विभागीय प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0 / –
**(मो० नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी)**
**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक–03 / बजट–01–23 / 2026 / 58 / आ0प्र0 पटना–23 दिनांक–11-06-26

**प्रतिलिपि–**

1. वित्त विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
2. कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2053 दिनांक–15.05.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. माननीय मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
6. प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग के वरीय प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
7. आई0टी0 मैनेजर / प्रोग्रामर, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार को विभागीय Web Site पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
8. श्री अमन कुमार, प्रोग्रामर, राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/- 11/6

संयुक्त सचिव